# अध्याय – 06 | ऊतक

## QUIZ-01

**1. एककोशिकीय जीव में सभी जीवन क्रियाएँ कौन करता है?**

A. ऊतक B. केंद्रक
C. कोशिका D. झिल्ली (C)

*व्याख्या :* अमीबा जैसे एककोशिकीय जीव में गति, भोजन ग्रहण, गैसों का आदान-प्रदान और उत्सर्जन सब एक ही कोशिका द्वारा होता है।

**2. बहुकोशिकीय जीवों में विभिन्न कार्य कैसे संपन्न होते हैं?**

A. एक कोशिका द्वारा
B. सभी कोशिकाएँ एक साथ
C. विशेषीकृत कोशिकाओं के समूह द्वारा
D. केवल ऊतक द्वारा (C)

*व्याख्या :* बहुकोशिकीय जीवों में कोशिकाएँ कार्य विभाजन के अनुसार विशिष्ट समूह बनाकर कार्य करती हैं।

**3. रक्त का मुख्य कार्य क्या है?**

A. गति कराना B. संदेश पहुँचाना
C. ऑक्सीजन, भोजन, हार्मोन और अपशिष्ट का परिवहन
D. शरीर को सहारा देना (C)

*व्याख्या :* रक्त शरीर में गैसों, भोजन, हार्मोन और अपशिष्ट पदार्थों का परिवहन करता है।

**4. पौधों में भोजन और पानी का परिवहन किससे होता है?**

A. रसधानी से
B. जाइलम और फ्लोएम से
C. क्लोरोप्लास्ट से
D. वायुकोष से (B)

*व्याख्या :* जाइलम जल और खनिज का तथा फ्लोएम भोजन और अन्य पदार्थों का परिवहन करते हैं।

**5. ऊतक किसे कहते हैं?**

A. समान संरचना और कार्य वाली कोशिकाओं का समूह
B. केवल पादप कोशिकाएँ
C. केवल जंतु कोशिकाएँ
D. DNA और प्रोटीन का समूह (A)

*व्याख्या :* ऊतक समान आकृति और कार्य करने वाली कोशिकाओं का समूह होता है।

**6. पादप और जंतु ऊतक में मुख्य अंतर क्या है?**

A. पादप ऊतक जीवित होते हैं
B. जंतु ऊतक मृत कोशिकाओं से बने होते हैं
C. पादप ऊतक प्रायः मृत कोशिकाओं से और जंतु ऊतक जीवित कोशिकाओं से बने होते हैं
D. दोनों समान होते हैं (C)

*व्याख्या :* पादप ऊतक अक्सर मृत कोशिकाओं से बने होते हैं जबकि जंतु ऊतक मुख्यतः जीवित कोशिकाओं से बने होते हैं।

**7. विभाजन की क्षमता के आधार पर पादप ऊतक कितने प्रकार के होते हैं?**

A. स्थायी और अस्थायी
B. विभाज्योतक और स्थायी ऊतक
C. सहायक और मुख्य ऊतक
D. आंतरिक और बाह्य ऊतक (B)

*व्याख्या :* पादप ऊतक विभाजन की क्षमता के आधार पर विभाज्योतक (Meristematic) और स्थायी (Permanent) ऊतक में बाँटे जाते हैं।

**8. तंत्रिका कोशिकाएँ क्या कार्य करती हैं?**

A. भोजन का निर्माण B. संदेशों का वहन
C. सहारा प्रदान करना
D. भोजन का संचय (B)

*व्याख्या :* तंत्रिका कोशिकाएँ संदेशों की वाहक होती हैं।

**9. पादप और जंतु की वृद्धि में मुख्य अंतर क्या है?**

A. पादप और जंतु दोनों में वृद्धि सीमित है
B. पादप की वृद्धि कुछ क्षेत्रों तक सीमित होती है जबकि जंतु की वृद्धि पूरे शरीर में होती है
C. जंतु की वृद्धि सीमित होती है, पादप की असीमित
D. दोनों की वृद्धि समान होती है (B)

*व्याख्या :* पादप में वृद्धि कुछ क्षेत्रों तक सीमित रहती है जबकि जंतु में कोशिकाएँ लगभग समान रूप से बढ़ती हैं।

**10. जंतु ऊतक की विशेषता क्या है?**

A. प्रायः मृत कोशिकाओं से बने होते हैं
B. स्थिर रहते हैं
C. अधिकतर जीवित कोशिकाओं से बने होते हैं
D. केवल गति कराते हैं (C)

*व्याख्या :* जंतु ऊतक अधिकांशतः जीवित कोशिकाओं से बने होते हैं और विभिन्न कार्यों में सहायक होते हैं।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें।
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App